भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1274

13 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात उद्योग को कार्बन मुक्त करना

1274. सुश्री सुष्मिता देव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की इस्पात उद्योगों को ग्रीन स्टील अपनाने अथवा उनकी उत्पादन प्रक्रिया को कार्बन मुक्त करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देने की योजना है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार सभी इस्पात विनिर्माताओं को वैश्विक मानक प्रमाणन कार्यक्रम 'रिस्पॉन्सिबल स्टील' द्वारा प्रमाणित कराने की योजना बना रही है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)और(ख): जी नहीं। मौजूदा उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना विशेष इस्पात के उत्पादन के लिए है। वर्तमान में, इस मंत्रालय में इस्पात उद्योगों को हरित इस्पात को अपनाने या उत्पादन प्रक्रिया के अकार्बनीकरण हेतु पीएलआई देने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग): जी नहीं। इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****